>

Title: Need to lift ban on sale of Petha by vendors at Agra Cantonment Railway Station, Uttar Pradesh.

प्रो. रामशंकर (आगरा): आगरा विश्व की प्रसिद्ध स्थली है। यहां पर 60-70 हजार देशी-विदेशी पर्यटक घूमने के लिए आते हैं। आगरा उत्तर मध्य रेलवे का बहुत बड़ा केंद्र है, जहां दिल्ली से मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, आंध्र प्रदेश, केरल, कर्नाटक तमिलनाडु, चेन्नई जाने वाली ट्रेनें होकर गुजरती हैं। आगरा कैंट स्टेशन पर बहुत लंबे समय से पैठा वेन्डरों को लाइसेंस के आधार पर पेठा बेचने की अनुमति थी, किंतु 1 डेढ़ वर्ष से पेठा वेन्डरों को रेलवे के अधिकारियों ने उनके अधिकार से वंचित ही नहीं किया, बल्कि लाखों यात्री जो पेठा को स्टेशन पर से खरीदते थें, उन्हें भी उससे वंचित किया गया। पेठा आगरा की विश्व प्रसिद्ध मिठाई है जो कभी खराब नहीं होती।

मेरा अनुरोध है कि पेठा वेंडरों को स्टेशन पर पूर्व की भांति लाइसेंस के आधार पर पेठा बेचने की अनुमति दी जाये साथ ही गुणवत्ता की दृष्टि से आगरा के प्रतिष्ठित पेठा निर्माताओं को चिन्हित कर पेठे का मूल्य भी सुनिश्चित किया जाये।